भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1779

दिनांक, 08.03.2016/18 फाल्गुन, 1937 (शक) को उत्तर के लिए

स्मार्ट पुलिसिंग

†1779. **डॉ. उदित राज:**
डॉ. शशि थरूर:
श्री देवजी एम. पटेल:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में स्मार्ट पुलिसिंग की संस्कृति आरंभ करने के लिए राजस्थान सहित राज्य-वार कुल कितने स्मार्ट पुलिस स्टेशनों की स्थापना की गई है;

(ख) क्या सरकार ने देश में स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और स्मार्ट पुलिसिंग लागू करने के लिए की गई पहल/प्रस्तावित परिवर्तनों का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में स्मार्ट पुलिसिंग/स्मार्ट पुलिस स्टेशनों को लागू करने के लिए राज्य-वार कुल कितनी निधियां मंजूर/उपयोग की गई हैं;

(घ) क्या सरकार ने स्मार्ट पुलिसिंग पहल में निजी क्षेत्र को शामिल किया है और उनके कॉर्पोरेट समाजिक दायित्व कार्यक्रम के माध्यम में स्मार्ट पुलिस स्टेशनों की स्थापना में उनकी क्या भागीदारी है; और

(ड़) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) पुरे देश में स्मार्ट पुलिसिंग कब तक लागू किए जाने की संभावना है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (**श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी**)

(क) से (च): पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) ने स्मार्ट/आधुनिक पुलिस स्टेशनों के संबंध में एक संकल्पना पत्र तैयार किया है और इसे सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के मत/टिप्पणियां/सुझाव प्राप्त करने के लिए परिचालित किया है।

****